भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1920

दिनांक 11.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

तमिलनाडु में ''ज़ीरो डिफेक्ट ज़ीरो इफ़ेक्ट'' कार्यक्रम

1920. श्री अरूण नेहरू :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में कार्यक्रम की शुरुआत से ''ज़ीरो डिफेक्ट ज़ीरो इफेक्ट'' (ज़ेडईडी) निर्माण कार्यक्रम के तहत प्रमाणित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम एस एम ई) का जिले-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में छोटे और सूक्ष्म उद्यमों में ज़ेड ई डी मानकों, जिसमें अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दी गई वित्तीय और तकनीकी सहायता शामिल है, को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या तमिलनाडु में एमएसएमई की उत्पाद गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर ज़ेड ई डी अपनाने संबंधी प्रभाव का मूल्यांकन किया गया है; और

(घ) ज़ेड ई डी कार्यक्रम को लागू करने में आने वाली चुनौतियाँ और राज्य में इसकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए इन समस्याओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क): एमएसएमई सतत (जेडईडी) प्रमाणन स्कीम का आरंभ 28 अप्रैल, 2022 को किया गया था। इस स्कीम की शुरुआत के बाद से, 5 दिसंबर, 2025 तक, तमिलनाडु राज्य में इस स्कीम के अंतर्गत कुल 15,798 एमएसएमई को प्रमाणित किया गया है, जिनमें 14,924 कांस्य, 402 रजत और 472 स्वर्ण शामिल हैं। तमिलनाडु में प्रमाणित एमएसएमई का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में देखा जा सकता है।

(ख): सरकार ने तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच जेडईडी मानक को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। इन पहलों में राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम, टेलीविजन विज्ञापनों, रेडियो अभियान, प्रिंट मीडिया, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुंच शामिल हैं। इसके अलावा, जेडईडी स्कीम के अंतर्गत, जेडईडी प्रमाणन शुल्क, परीक्षण/प्रणाली/उत्पाद प्रमाणन की लागत और जीरो इफेक्ट समाधानों के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु एमएसएमई को वित्तीय सहायता/राजसहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी सहायता हेतु, एमएसएमई को उच्च प्रमाणन स्तर प्राप्त करने के लिए पथ-प्रदर्शन सहायता प्रदान की जाती है।

(ग): अगले XVI वित्तीय चक्र (वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31) के दौरान स्कीम को जारी रखने के लिए स्कीम का तृतीय पक्ष मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। तथापि, यह स्कीम तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में एमएसएमई की उत्पाद गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए सहायता प्रदान करती है तथा मूल्यांकन एवं निगरानी तंत्र के माध्यम से इसकी निगरानी करती है, जिससे जेडईडी ईडी प्रथाओं को अपनाने के प्रति सकारात्मक रुख का पता चलता है।

(घ): जेडईडी कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने में जिन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उनमें एमएसएमई के भीतर सीमित तकनीकी कौशल क्षमता, उन्नयन के लिए वित्तीय और तकनीकी बाधाएं, पारंपरिक पद्धतियों से बदलाव के लिए उद्यमों का प्रतिरोध और बड़े उद्योगों की ओर से जेडईडी अपनाने के लिए मजबूत मांग सृजन की आवश्यकता शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, एमएसएमई तक पहुंच को अधिकतम करने तथा जागरूकता एवं पथ-प्रदर्शन सहायता के माध्यम से उनकी तकनीकी क्षमता को बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं। जेडईडी प्रमाणन, परीक्षण/प्रणाली/उत्पाद प्रमाणीकरण, और जीरो इफेक्ट समाधानों के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की लागत पर सब्सिडी जैसे वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं।

****

अनुलग्नक-I

तमिलनाडु राज्य में जेडईडी प्रमाणीकरण का विवरण (वर्ष-वार और जिला-वार)

क्र.सं.	जिला	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (5 दिसंबर, 2025 तक)	कुल प्रमाणीकरण
1	अरियालूर	4	15	1	2	22
2	चेंगलपट्टू	14	64	15	25	118
3	चेन्नई	58	377	685	656	1776
4	कोयंबटूर	154	1088	261	991	2494
5	कुड्डालोर	13	393	17	55	478
6	धर्मपुरी	3	419	5	33	460
7	डिंडीगुल	21	267	23	60	371
8	इरोड	18	428	55	313	814
9	कल्लाकुरिची	0	10	2	2	14
10	कांचीपुरम	54	259	133	232	678
11	कन्याकुमारी	3	6	70	37	116
12	करूर	18	130	40	310	498
13	कृष्णागिरी	191	99	29	84	403
14	मदुरै	55	1468	183	185	1891
15	माइलादुत्रयी	0	20	2	5	27
16	नागपट्टिनम	0	29	1	54	84
17	नमक्कल	4	58	5	51	118
18	पेरम्बलूर	2	94	0	2	98
19	पुदुक्कोट्टई	8	13	5	18	44
20	रामनाथपुरम	0	0	0	5	5
21	रानीपेट	0	18	7	35	60
22	सालेम	14	67	171	241	493
23	शिवगंगा	5	222	6	26	259
24	तेनकासी	0	47	31	146	224
25	तंजावुर	2	153	13	176	344
26	द नीलगिरिश	2	13	9	13	37
27	थेनी	8	104	101	19	232
28	तिरुवल्लुर	57	459	394	296	1206
29	थिरुवरुर	3	19	1	38	61
30	तिरुचिरापल्ली	11	58	60	76	205
31	तिरुनेलवेली	1	18	7	52	78
32	तिरुपत्तूर	1	2	2	3	8
33	तिरूपट्टू	1	0	0	0	1
34	तिरुपुर	42	818	168	343	1371
35	थिरुवन्नमलाई	3	14	5	55	77
36	तूतीकोरिन	2	37	10	27	76
37	वेल्लोर	10	33	8	87	138
38	विल्लुपुरम	7	176	18	50	251
39	विरुधुनगर	4	64	19	81	168
	सकल योग	**793**	**7,559**	**2,562**	**4,884**	**15,798**